# ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

**सत्र - 2024-25**

**कक्षा –आठ** **सत्र 2 पुनरावृत्ति पत्रक** **विषय : हिंदी**

## अपठित बोध

**प्रश्न 1) निम्नलिखित गदयांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**

संसार में अमरता ऐसे ही लोगों को मिलती है जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं, जिनका स्थायी मूल्य होता है। अधिकतर यही देखा गया है कि ऐसे व्यक्ति संपन्न परिवार में बहुत कम पैदा होते हैं। अधिकांश ऐसे लोगों का जन्म मध्यम वर्ग या गरीब परिवारों में ही होता है।मनुष्य में विनय, उदारता, कष्ट,सहिष्णुता, साहस आदि चारित्रिक गुणों का विकास अत्यावश्यक है। ये गुण व्यक्ति के जीवन को अहंकारहीन तथा सादा-सरल बनाते हैं। जीवन में सादगी लाने के लिए दो बातें विशेष रूप से करणीय हैं - प्रथम कठिन से कठिन परिस्थितियों में धैर्य को न छोड़ना, द्वितीय अपनी आवश्यकताओं को न्यूनतम बनाना। सादगी का विचारों से भी घनिष्ठ संबंध है। हमें सादा जीवन व्यतीत करना चाहिए और अपने विचारों को उच्च बनाए रखना चाहिए। व्यक्ति की सच्ची पहचान उसके विचारों और करनी से होती है। मनुष्य के विचार उसके आचरण पर प्रभाव डालते हैं और उसके विवेक को जाग्रत रखते हैं। विवेकशील व्यक्ति ही अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखता है। सादा जीवन व्यतीत करनेवाले व्यक्ति को भी कभी हतप्रभ होकर अपने आत्मसम्मान पर आँच नहीं आने देनी चाहिए। सादगी मनुष्य के चरित्र का अंग है वह बाहरी चीज नहीं है।

1. संसार में कौन लोग अमर हो पाते हैं?
(क) जिनकी कभी मृत्यु नहीं होती।
(ख) जो गरीब परिवार में जन्म लेते हैं।
(ग) जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं।
(घ) इनमें से कोई नहीं।

2. संसार में जो अमरत्व प्राप्त करते हैं, उनमें से अधिकांश का जन्म प्रायः-
(क) संपन्न परिवार में होता है।
(ख) उच्च जाति में होता है।
(ग) मध्यम वर्ग या गरीब परिवार में होता है।
(घ) इनमें से कोई नहीं।

3. सादगी का संबंध निम्नलिखित में से किसके साथ है?
(क) गरीबी से
(ख) इच्छा से
(ग) विचारों से

(घ) सादे वस्त्र पहनने से

4.चारित्रिक गुणों के विकास के लिए कौन-कौन से गुण आवश्यक हैं?

5. व्यक्ति की सच्ची पहचान किस बात से होती है और क्यों?

**व्याकरण**

**प्रश्न 2) संज्ञा शब्दों को रेखांकित कर भेद का नाम लिखिए |**

1) सभी घरों में दीपक जल उठे |
2) कलकत्ता शहर सदियों पुराना है |
3) मास्टर अनुभवी था |
4) रेलगाड़ी खरीद भी लोगे तो चलाओगे कहाँ ?
5) जंगल जानवरों से भरा पड़ा है |

**प्रश्न 3) लिंग , वचन**

निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए – बैल , गुरु , माली , विधवा , हलवाई

निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए- सड़क , हस्ताक्षर , चादर ,मैंने , पत्ता

**प्रश्न 4) कारक**

**रेखांकित कारक शब्द के भेद लिखिए |**

1) कमरे में गंदगी फैली थी ।
2) मेरा घर पास ही है ।
3) रोहित ने महेश के लिए नई पुस्तक भेजी है |

विशेषण , क्रिया

**प्रश्न 5) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -**

1. सूखे मेवों से मिठाई बनती है |(रेखांकित विशेषण का भेद लिखें )
2. दर्जी ने ______ कपड़ा बचा दिया था ।(अनिश्चित परिमाण वाचक विशेषण भरिए |
3. उसने एक अनाथ को _________लिया |( नामधातु क्रिया भरिए )
4. घर लौटकर माँ ने खाना बनाया |(पूर्वकालिक क्रिया छाँटिए )

**प्रश्न 6) संधि विच्छेद कीजिए –**

महर्षि , विद्यालय , महाशय , सूर्यास्त , पाठक

अव्यय

**प्रश्न 7) निम्नलिखित अविकारी शब्दों का प्रयोग कर वाक्य बनाइए –**

के नीचे , के आगे , धीरे से , बचना ! , परंतु

**प्रश्न 8) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए –**

क) आँखें फेरना
ख) आस्तीन का साँप

**प्रश्न 9) वाक्यों में रेखांकित शब्दों का परिचय दीजिए |**

क) <u>वह</u> चाकू से काटकर फल खाता है |
ख) मिट्टी का <u>कलश</u> ले जाओ |

**प्रश्न 10) विराम चिह्न का नाम लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए |**

क) - ;
ख) - ?
ग) - __

**प्रश्न 11) सामासिक शब्दों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए |**

क) हथकड़ी
ख) पंचरतन
ग) आजीवन

**प्रश्न 12) शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग – प्रत्यय व मूल शब्द अलग- अलग कीजिए |**

क) उम्रभर
ख) दीवानापन
ग) सामाजिक
घ) सुशीला
ङ) दिखावा

**प्रश्न 13) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तित कीजिए |**

क) मनन बीमार था इसलिए खाना नहीं खा रहा था | (सरल वाक्य में बदलिए )
ख) खुश व्यक्ति स्वस्थ रहता है | (संयुक्त वाक्य में बदलिए )

**प्रश्न 14) साहित्य ( वसंत )**

## सुदामा चरित

1. कृष्ण और सुदामा के चरित्र में से किसके चरित्र ने तुम्हें अधिक प्रभावित किया और क्यों ?
2. 'प्रभु के परताप ते दाख न भावत'पंक्ति का भाव समझाइए |
3. कृष्ण ने सुदामा की आवभगत किस प्रकार की ?
4. सुदामा अपनी नगरी जाते हुए क्या सोच रहे थे ?

## जहाँ पहिया है

1) साइकिल के बारे में फातिमा के क्या विचार थे ?
2) साइकिल चलाना ग्रामीण महिलाओं के लिए इतना महत्त्वपूर्ण क्यों हैं? पाठ के आधार पर लिखिए।
3) 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' पर पुडुकोट्टई की महिलाओं ने किस प्रकार लोगों को हक्का बक्का - कर दिया?
4) आर साइकिल के डीलर के बारे में अपने विचार स्पष्ट कीजिए |

## अकबरी लोटा

1) 'अकबरी लोटा' पाठ का यह नाम क्यों रखा गया ?
2) क्या लाला झाऊलाल ने अपनी पत्नी को पैसे दिए ,यदि हाँ तो कहाँ से दिए ?
3) पंडित बिलवासी जी की मित्रता के बारे में अपने विचार लिखिए |
4) जहाँगीरी अंडा क्या था और वह किसके पास था ?

## सूर के पद

1) कृष्ण माँ से क्या शिकायत कर रहे हैं ?
2) माँ दोनों भाइयों को क्या आशीर्वाद दे रही हैं ?
3) कृष्ण किनके घर व क्या चुराने जाते हैं ?
4) सखियों का कृष्ण के प्रति क्या भाव रहता होगा ?अपने शब्दों में लिखिए |

**पानी की कहानी**

1) ओस की बूँद को कौन और कहाँ से खींच लेते हैं ?
2) समुद्र में जाकर ओस की बूँद ने क्या-क्या देखा ?
3) बूँद गहरे समुद्र से ज्वालामुखी तक कैसे पहुँची ?
4) पानी की बूँद की कहानी कहाँ से शुरू होती है ?

**बाज़ और साँप**

1) हमें साँप की तरह निराश क्यों नहीं होना चाहिए ?
2) बाज़ ने अपनी ज़िंदगी के बारे में क्या बताया ?
3) लहरों ने किसका गीत गाया और क्यों ?
4) साँप के जीवन से आपने क्या शिक्षा ग्रहण की ?

## रचनात्मक लेखन

**प्रश्न 15)** गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों के लिए 30 से 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए |

'**प्रश्न 16)** प्लास्टिक हटाओ' विषय पर लगभग 20 से 30 शब्दों में नारा लिखिए |

**प्रश्न 17)** बिजली की आपूर्ति ना होने पर बिजली विभाग को शिकायती पत्र लिखिए |

**प्रश्न 18)** छोटे भाई को व्यायाम का महत्त्व समझाते हुए जल्दी उठने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए |

**प्रश्न 18)** 'भारतीय त्योहार' विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए |

**प्रश्न 19)** पुस्तक खो जाने पर दो छात्रों की बातचीत को70 से 80 शब्दों में संवाद लिखिए |

.